# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 02.06.2018**

**DAINIK BHASKAR**

**निर्देश** सभी कॉलेजों से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम को सफल बनाने का किया आग्रह, नए सत्र के लिए संबद्धता प्रक्रिया आरंभ, जानकारी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध

## 2018 के अंत तक सभी कॉलेज नैक मान्यता को करें आवेदन : कुलपति

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने संबद्ध कॉलेजों के गुणात्मक मूल्यांकन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें वर्ष 2018 के अंत तक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की मान्यता के लिए आवेदन करने के लिए कहा है। साथ ही सभी को कॉलेज से संबंधित आवश्यक जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

फरीदाबाद जिले के सभी संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बीएसए इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एवं मैनेजमेंट में आयोजित बैठक में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार तथा एआईसीटीई के मानदंडों के अनुरूप किसी भी शिक्षण संस्थान की सभी आवश्यक जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर डालना तथा प्रतिवर्ष अपडेट करना अनिवार्य है।



फरीदाबाद. बीएसए इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट, फरीदाबाद में सुविधाओं का जायजा लेते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

नैक मान्यता प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए कॉलेजों को प्रोत्साहित करते हुए कुलपति ने कहा कि नैक द्वारा आवधिक मूल्यांकन संस्थानों को एक सूचित समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से अपनी क्षमताओं तथा कमियों को जानने का अवसर प्रदान करता है तथा तय मानदंडों पर शिक्षा की गुणवत्ता स्तर में सुधार लाने में मदद करता है, इसलिए सभी कॉलेजों को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भी मान्यता प्रक्रिया में जरूर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा नैक मान्यता के लिए आवेदन करने वाले सभी कॉलेजों को विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कुलपति ने सभी कालेजों को तकनीकी संस्थानों में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर राज्य सरकार के दिशा निर्देशों की अनुपालना के भी निर्देश दिए तथा इस दिशा में कॉलेजों द्वारा किए गए उपायों की भी समीक्षा की।

कुलपति ने एक बार फिर सभी कॉलेजों से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम जिसका उद्देश्य ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कॉलेज के युवाओं को स्वच्छता कार्यक्रम से जोड़ना है, उसे सफल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा यह इंटर्नशिप कार्यक्रम देश को स्वच्छ बनाने की दिशा में पीएम नरेंद्र मोदी की राष्ट्र निर्माण की एक अनूठी पहल तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन अवसर है। इसके द्वारा विद्यार्थी समाज के लिए कुछ करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इंटर्नशिप के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान किए गए कार्यों के आधार पर दो अतिरिक्त क्रेडिट प्वाइंट भी प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी कॉलेजों को इंटर्नशिप कार्यक्रम में पंजीकरण प्रक्रिया में विद्यार्थियों को सहयोग देने का आग्रह किया, ताकि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा विद्यार्थी व्यक्तिगत रूप से या 10 सदस्यों की टीम बनाकर इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पंजीकृत करा सकते हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 15 जून है। कॉलेजों के प्राचार्यों ने कुलपति को विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुरूप उठाए गए कदमों के बारे में भी अवगत कराया।

### कैसे होता है मूल्यांकन

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की शाखा है। जो विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों की गुणवत्ता का विभिन्न आधारों पर मूल्यांकन करती है। संसाधन एवं परफार्मेंस के आधार पर नैक विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों को ग्रेड देता है। इसका फायदा कॉलेजों को यूजीसी द्वारा अनुदान प्राप्त करने में होता है।

**NAVBHARAT TIMES**

## नैक मान्यता के लिए कॉलेजों को आवेदन के निर्देश

■ **प्रस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने संबद्ध कॉलेजों के गुणात्मक मूल्यांकन को प्रोत्साहित करने के लिए सभी कॉलेजों को साल 2018 के अंत तक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) मान्यता के लिए आवेदन करने के लिए कहा गया है। कॉलेज से संबंधित आवश्यक जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं।



बीएसए इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी एवं मैनेजमेंट में शुक्रवार को हुई बैठक में फरीदाबाद के सभी संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्य शामिल हुए। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के मानदंडों के अनुरूप किसी भी शिक्षण संस्थान को आवश्यक जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर डालना व उसे अपडेट करना जरूरी है। कुलपति ने कहा कि नैक तय मानदंडों पर शिक्षा की गुणवत्ता स्तर में सुधार लाने में मदद करता है। इसलिए सभी कॉलेजों को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भी मान्यता प्रक्रिया में जरूर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नैक मान्यता के लिए आवेदन करने वाले सभी कॉलेजों को विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कुलपति ने सभी कॉलेजों को तकनीकी संस्थानों में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों की अनुपालना के भी निर्देश दिए और इस दिशा में कॉलेजों के किए गए उपायों की भी समीक्षा की। कुलपति ने प्राचार्यों के गुणवत्ता सुधार को लेकर दिए गए सुझावों पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान डीन प्रफेसर संदीप ग्रोवर ने कार्यों की जानकारी दी। डिप्टी डीन डॉ. आशुतोष दीक्षित ने साल 2018-19 की संबद्धता प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए सत्र के लिए संबद्धता को लेकर पत्र जारी कर दिया गया है और संबंधित जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**NEWS CLIPPING: 02.06.2018**

**PUNJAB KESARI**

# कॉलेजों को नैक मान्यता के लिए करना होगा आवेदन

## सभी कालेजों से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम को सफल बनाने का किया आग्रह



*बीएसए इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट, फरीदाबाद में सुविधाओं का जायजा लेते हुए कुलपति प्रो.दिनेश कुमार।*

फरीदाबाद, 1 जून (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने संबद्ध कॉलेजों के गुणात्मक मूल्यांकन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी कालेजों को वर्ष 2018 के अंत तक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) मान्यता के लिए आवेदन करने के लिए कहा है तथा सभी को कालेज से संबंधित आवश्यक जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है।

फरीदाबाद जिले के सभी संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बीएसए इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट, फरीदाबाद में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार तथा तथा एआईसीटीई के मानदंडों के अनुरूप किसी भी शिक्षण संस्थान की सभी आवश्यक जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर डाला तथा प्रतिवर्ष अपडेट करना अनिवार्य है। इस अवसर पर डीन (संस्थान) प्रो संदीप ग्रोवर तथा डिप्टी डीन (संबद्धता) डॉ आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

नैक मान्यता प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए कॉलेजों को प्रोत्साहित करते हुए कुलपति ने कहा कि नैक द्वारा आवधिक मूल्यांकन संस्थानों को एक सूचित समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से अपनी क्षमताओं तथा कमियों को जानने का अवसर प्रदान करता है तथा तय मानदंडों पर शिक्षा की गुणवत्ता स्तर में सुधार लाने में मदद करता है। इसलिए, सभी कॉलेजों को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भी मान्यता प्रक्रिया में जरूर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नैक मान्यता के लिए आवेदन करने वाले सभी कॉलेजों को विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कुलपति ने सभी कालेजों को तकनीकी संस्थानों में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों की अनुपालना के भी निर्देश दिये तथा इस दिशा में कालेजों द्वारा किए गये उपायों की भी समीक्षा की।

कुलपति ने एक बार पुनः सभी कालेजों से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम जिसका उद्देश्य ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कालेज युवाओं को स्वच्छता कार्यक्रम से जोड़ना है, को सफ्ल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह इंटर्नशिप कार्यक्रम देश को स्वच्छ बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र निर्माण की एक अनूठी पहल है तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन अवसर है, जिसके द्वारा विद्यार्थी समाज के लिए कुछ करने का अवसर प्राप्त कर सकते है। इंटर्नशिप के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा। इसके अलावाए विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान किये गये कार्यों के आधार पर दो अतिरिक्त क्रेडिट प्वाइंट भी प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी कॉलेजों को इंटर्नशिप कार्यक्रम में पंजीकरण प्रक्रिया में विद्यार्थियों को सहयोग देने का आग्रह किया ताकि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी व्यक्तिगत रूप से या 10 सदस्यों की टीम बनाकर इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पंजीकृत कर सकते है, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 जून, 2018 है। कॉलेजों के प्राचार्यों द्वारा कुलपति को विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप उठाये गये कदमों के बारे में भी अवगत करवाया।बैठक के दौरान डीन (संस्थान) प्रो.संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता सुधार को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। डिप्टी डीन (संबद्धता) डॉ आशुतोष दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2018-19 की संबद्धता प्रक्रिया की जानकारी दी।


पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 02 June 2018
epaper.punjabkesari.in/c/29223910